भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2492
सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023/27 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

होटलों के आंकड़े

†2492. डॉ. थोल तिरुमावलवन:
क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार के पास भारतीय पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) के स्वामित्व और प्रचालन वाले होटलों, पर्यटक गृहों की संख्या के संबंध में आंकड़े हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या आईटीडीसी ने होटलों, पर्यटक गृहों को पट्टे पर अन्य लोगों को दिया है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के दौरान होटल क्षेत्र से कितना निवल लाभ प्राप्त हुआ है?

उत्तर
पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): जी हाँ, महोदय। वर्तमान में भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (आईटीडीसी) के मालिकाना हक वाले और उनके द्वारा प्रचालित होटलों, पर्यटक गृहों की संख्या निम्नानुसार हैः

| क्र. सं. | नाम | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | द अशोक होटल | नई दिल्ली |
| 2 | होटल सम्राट | नई दिल्ली |
| 3 | होटल कलिंग अशोक | भुवनेश्वर, ओडिशा |
| 4 | होटल जम्मू अशोक (प्रचालन बंद) | जम्मू, जम्मू और कश्मीर |

आईटीडीसी के संयुक्त उद्यम होटल निम्नानुसार हैं:

| क्र. सं. | होटल का नाम | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | संयुक्त उद्यम |
|---|---|---|---|
| 1 | द अशोक बीच रिजॉर्ट | पॉन्डिचेरी | पीआईपीडीआईसीएल (पॉन्डिचेरी औद्योगिक संवर्धन विकास और निवेश निगम लिमिटेड) के साथ आईटीडीसी |
| 2 | होटल रांची अशोक (प्रचालन बंद) | रांची, झारखंड | बीएसटीडीसी (बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम) के साथ आईटीडीसी |
| 3 | होटल नीलाचल अशोक (प्रचालन बंद) | पुरी, ओडिशा | ओटीडीसी (ओडिशा पर्यटन विकास निगम) के साथ आईटीडीसी |

(ग): जी नहीं, महोदय।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****